आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

• वर्ष- 16 अंक 27 • कटनी • सोमवार, 28 फरवरी, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-12 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in



## यूक्रेन में भारतीय छात्रों पर सिक्योरिटी फोर्स का हमला

### माइनस 4 डिग्री पारे में 50km चलकर पोलैंड बॉर्डर पहुंचे MP के स्टूडेंट्स

**नई दिल्ली।** रूस के हमले के बाद यूक्रेन में फंसे इंडियन स्टूडेंट्स भारी मुसीबत झेल रहे हैं। सरकार उनको निकालने की कोशिश कर रही है, लेकिन कई स्टूडेंट्स को अब तक कोई मदद नहीं मिली। भारत ने रूस के खिलाफ वोटिंग नहीं की, इसलिए यूक्रेन में फंसे भारतीयों के साथ कुछ लोग बुरा बर्ताव कर रहे हैं। यूक्रेन छोड़ने के लिए रोमानिया और पोलैंड बॉर्डर पहुंचे भारतीय स्टूडेंट्स को बुरी तरह पीटा गया। पंजाब की एक छात्रा ने इसका वीडियो शेयर किया है। इसमें यूक्रेन की पुलिस बैग लेकर जा रहे भारतीय छात्रों को लाते-घूंसें मारती दिख रही है। ताजा खबर यह है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत से मनचाहा समर्थन नहीं मिलने के बाद यूक्रेन बौखला गया है। यहां सुरक्षाकर्मी उन भारतीय छात्रों के साथ बुरा बर्ताव कर रहे हैं, जो सड़क के रास्ते पड़ोसी देश में दाखिल हो रहे हैं। भारत लौटे कई छात्रों ने इसकी शिकायत की है। अधिकांश छात्र कड़ाके की ठंड में 72 घंटे से अधिक समय तक फंसे रहे। कोई सुविधा नहीं दी गई। छात्रों में से कई ने आरोप लगाया कि उन्हें लात मारी गई, पीटा गया, घसीटा गया और कुछ से फोन भी छीन लिए गए। छत्तीसगढ़ के छात्र ने बताया है कि पोलैंड बॉर्डर पर भी मारपीट हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्टूडेंट्स के लिए यूक्रेन से लगे 4 देशों में कंट्रोल रूम खोले हैं।यहां कुछ स्टूडेंट्स ऐसे भी हैं, जो पिछले दो दिन से वतन वापसी के प्रयास खुद कर रहे हैं। उनको सफलता मिली भी, तो अधूरी। मध्यप्रदेश के 20 स्टूडेंट टरनोपिल (यूक्रेन) से शुक्रवार रात 2 बजे पोलैंड के लिए पैदल निकले। उन्होंने 10 घंटे तक 50 किलोमीटर का पैदल सफर किया। वहीं रोमानिया बॉर्डर पर भी 400 से ज्यादा भारतीय छात्र वतन वापसी के इंतजार में बैठे है।



वतन वापसी के लिए 10 घंटे पैदल सफर



### राष्ट्रपति जेलेंस्की की हत्या के लिए कीव में भेजे 400 आतंकी

### रूस-यूक्रेन जंग -अगले 24 घंटे अहम

## तुर्की के ड्रोन से यूक्रेन मचा रहा तबाही

**नई दिल्ली ।** पांच दिन से जारी रूस-यूक्रेन जंग में अगले 24 घंटे अहम हैं। दोनों देशों की सेनाओं को जंग में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने देश के लिए अगले 24 घंटे अहम बताए हैं। पश्चिम देशों के बढ़ते दबाव के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी परमाणु सेना को तैयार रहने का संदेश दे दिया। वहीं सोमवार को खार्किव व कीव में शक्तिशाली धमाकों से यूक्रेन थर्रा उठा। इस बीच अच्छी बात यह है कि युद्धरत दोनों देश चेर्नोबिल में चर्चा के लिए तैयार हो गए हैं। हालांकि अभी यह कहना मुश्किल है कि इससे जंग थम जाएगी। रूस के खिलाफ जंग में यूक्रेन तुर्की के खतरनाक लड़ाकू ड्रोन बेयरेकतार टीबी-2 का भी यूज कर रहा है। इस ड्रोन से यूक्रेन ने रूस की तेल से भरी पूरी ट्रेन उड़ा दी। ये ट्रेन रूस की सेना को ईंधन सप्लाई करने जा रही थी। यही नहीं, यूक्रेन मीडिया का दावा है कि इस ड्रोन सिस्टम से खार्कीव के पास रशियन आर्मी के एक पूरे कॉलम को तबाह कर दिया गया है, लेकिन सवाल यही है कि रूस के सामने ये खतरनाक लड़ाकू ड्रोन यूक्रेन का कितना साथ दे पाएगा? यूक्रेन की मदद के लिए यूरोपीय संघ ने हथियार भेजना का फैसला किया। वहीं यूक्रेन के मुद्दे को लेकर ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई गई। 15 सदस्यों में से 11 ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में इसको लेकर चर्चा कराने का समर्थन किया है। वहीं यूक्रेन का दावा है कि उसने 4300 से ज्यादा रूसी सैनिकों को मार गिराया है और 200 से ज्यादा को युद्धबंदी बनाया गया है।



### रूस की तेल से भरी पूरी ट्रेन उड़ा दी

रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग का सोमवार को पांचवां दिन है। यूक्रेन की जनता भी अब युद्ध के मैदान में उतर चुकी है। ताजा खबर ब्रिटेन के अखबार द टाइम्स से आ रही है। द टाइम्स ने दावा किया है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की हत्या के आदेश दिए हैं। आगे आरोप है कि इसको अंजाम देने के लिए रूस ने अपने 400 आतंकियों को यूक्रेन की सीमा में भेजा है। ये कथित आतंकी कीव तक पहुंच चुके हैं। खार्कीव में घुसे रूसी सैनिकों से रविवार को पूरे दिन यूक्रेन के सैनिक भिड़े रहे। भारी खूनखराबे और नुकसान के बाद शाम को यूक्रेनी सेना रूसी सैनिकों को बाहर करके खार्कीव को बचाने में कामयाब रही।



## 187 वर्ष बाद काशी विश्वनाथ मंदिर में मढ़ा गया सोना

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर के इतिहास में रविवार को एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। 187 वर्ष के लम्बे इंतजार के बाद मंदिर में सोना मढ़ा गया। मंदिर के गर्भगृह के अंदर की दीवारों पर 30 घंटे के अंदर सोने की परत लगाई गई। सोना लगने के बाद गर्भगृह के अंदर की पीली रोशनी हर किसी को सम्मोहित कर रही है। मंदिर प्रशासन के मुताबिक 37 किलो सोना लगाया गया है। बचे अन्य कार्यों में 23 किलो और सोना लगाया जाएगा। मंदिर के गर्भ गृह में चल रहे स्वर्ण मंडन के कार्य के पूर्ण होने के बाद पहली बार पूजा करने पहुंचे प्रधानमंत्री ने इस कार्य को देखते हुए कहा कि अद्भुत और अकल्पनीय कार्य हुआ है। स्वर्ण मंडन से विश्व के नाथ का दरबार एक अलग ही छवि प्रदर्शित कर रहा है। उन्होंने कहा कि दीवारों पर उकेरी गई विभिन्न देवताओं की आकृतियां स्वर्णमंडन के बाद और भी स्पष्ट प्रदर्शित हो रही हैं। स्वर्ण मंडन के बाद गर्भ गृह की आभा कई गुना बढ़ गई है।वर्ष 1835 में पंजाब के तत्कालीन महाराजा रणजीत सिंह ने विश्वनाथ मंदिर के दो शिखरों को स्वर्णमंडित कराया था। बताया गया कि साढ़े 22 मन सोना लगा था। उसके बाद कई बार सोना लगाने व उसकी सफाई का कार्य प्रस्तावित हुआ, लेकिन अंजाम तक नहीं पहुंचा। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के साथ ही मंदिर के शेष हिस्से व गर्भगृह को स्वर्णजड़ित करने की कार्ययोजना तैयार होने लगी थी।

## धार में बाइक को बचाने में खतरनाक हादसा

### एक युवक उछलकर 10 फीट दूर गिरा, दो की मौत

**धार।** धार में बाइक को बचाने के चक्कर में एक बेकाबू बोलेरो पलट गई। बोलेरो इतनी तेज रफ्तार से आ रही थी, कि 5 सेकंड में 7 बार पलटी खा गई। इस दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार भी इसकी चपेट में आ गए। एक युवक तो उछलकर करीब 10 फीट दूर जा गिरा। हादसे में बोलेरो में सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार लोग घायल हैं। घायलों को भर्ती कराया गया है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुछ लोग रविवार सुबह करीब 9 बजे काम के सिलसिले में धार के सुसारी गांव से मनावर जा रहे थे। इस बीच, अंबा ?ा के पेट्रोल पंप के पास बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार उसकी चपेट में आ गए। बाइक सवार 2 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर बोलेरो में बैठे 2 लोग गाड़ी पलटने की वजह से दब गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### युवती के साथ मारपीट पर हाईकोर्ट की पहल

## पति को एक महीने ससुराल में रहने सजा

**ग्वालियर, ।** हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में अनोखी सजा सुनाई जिसमें पत्नी की मारपीट करने वाले आरोपी पति को एक महीने तक ससुराल में रहने को कहा है। अदालत ने कहा है कि आरोपी पति दो साल के बेटे को लेकर ससुराल में रहेगा और इसके बाद इस मामले में अगली सुनवाई की जाएगी। अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी। सेवा नगर निवासी गीता रजक ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी और आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उसे जबरन घर से निकाल दिया है। उसका 2 साल का बेटा भी है जिसे पति ने जबरन अपने पास रख लिया हैं। मुरैना जिले की निवासी गीता रजक की ससुराल ग्वालियर में है। वह एक साल से ससुराल में लड़ाई झगड़े के कारण अपने मायके में रह रही थी। उसके बाद इन दोनों का मामला हाईकोर्ट में पहुंचा जिसकी सुनवाई शुरू हुई। पति गणेश रजक की ओर से वकील रवि चौधरी ने कहा कि महिला अपनी इच्छा से घर छोड़कर गई है तो वही गीता ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने उसे जबरन घर से निकाल दिया है। उसका 2 साल का बेटा भी पति के पास ही है।



**ससुर को कहा -दामाद को अच्छे से रखें**

अदालत ने जब पति से पत्नी को रखने के लिए कहा तो पत्नी ने फिर से मारपीट की आशंका जताई। इस पर हाईकोर्ट ने पति गणेश को एक महीने के लिए बेटे के साथ ससुराल में रहने के निर्देश दिए। कोर्ट में गणेश के साथ ससुर को उसकी अच्छे से देखभाल करने का भी आदेश दिया है। इस दौरान गणेश के साथ ससुर भी मौजूद थे। उन्होंने इस हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है और कहा कि वह उनका दामाद है वह अच्छे से ख्याल करेंगे।

### राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है और दावा किया जा रहा है कि यूक्रेन की सीमा पर भारतीयों के साथ बदसलूकी की गई। इसी वीडियो को शेयर करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने एक ट्वीट में कहा, यूक्रेन में हमारे छात्र इस स्थिति का सामना कर रहे हैं और उनके माता पिता यहां इस वीडियो को देख रहे होंगे। मुझे इसका गहरा दुख है। कोई मां बाप नहीं चाहता कि उनके बच्चों के साथ ऐसा हो। सरकार को जल्द से जल्द इन लोगों को बाहर निकालने की पूरी योजना बतानी चाहिए।



### मणिपुर विधानसभा चुनाव का पहला चरण

## 38 सीटों पर वोटिंग शुरू

**इम्फाल।** मणिपुर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 38 सीटों पर वोटिंग शुरू हो गई है। मणिपुर के मुख्यमंत्री और हिंगांग से बीजेपी प्रत्याशी एन बीरेन सिंह ने इम्फाल के श्रीवन हाई स्कूल में वोट डाला। यहां उन्होंने लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। सीएम बोले, मुझे उम्मीद है कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के 75त्न लोग भाजपा और मुझे वोट देंगे। पहले फेज में बीजेपी 38 में से 30 सीटें जीतेगी। राज्यपाल ला गणेशन ने भी इम्फाल में एक बूथ पर मतदान किया। सीएम एन बीरेन सिंह ने इम्फाल के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला।पहले फेज में मणिपुर के पांच जिलों- इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, बिष्णुपुर, कांगपोकपी, और चुराचांदपुर में मतदान हो रहा है। पहले फेज में कुल 173 प्रत्याशी मैदान में हैं, इसमें 15 महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। कोरोना गाइडलाइन के साथ सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे तक चलेगा।मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, उनके मंत्रिमंडल के साथी थोंगम बिस्वजीत सिंह, विधानसभा के स्पीकर वाई खेमचंद सिंह, डिप्टी सीएम युमनाम जोयकुमार और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एन लोकेश की किस्मत का फैसला भी इसी चरण में होना है।



### अहमदाबाद ब्लास्ट में फांसी पाने वाले अंडा सेल में शिफ्ट

## भोपाल जेल की कड़ी सुरक्षा, सभी ताले बदले

**भोपाल, ।** अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट के दोषियों को सजा मिलने के बाद से भोपाल सेंट्रल जेल में बंद सिमी के सात कार्यकर्ताओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सूत्रों के मुताबिक उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से अंडा सेल में शिफ्ट कर दिया गया है। अभी तक ये सभी हाई सिक्योरिटी वाले हिस्से में बंद थे। अंडा सेल की सुरक्षा के लिए पृथक से टॉवर भी स्थापित कर दिया गया है जिस पर दिन-रात प्रहरी की तैनाती भी हो गई है। फांसी पाने वाले सिमी के सात आरोपी भोपाल सेंट्रल जेल में बंद हैं, अब उनकी सुरक्षा के लिए जेल सारे ताले बदल दिए गए हैं। अब भोपाल सेंट्रल जेल में कोई भी पुराना ताला नहीं रहा है। जेल के करीब 250 ताले बदले गए हैं। यह सभी गोदरेज कंपनी के ताले हैं और इसके अलावा आरोपियों की सुरक्षा के लिए नियमित रूप से समीक्षा भी शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि भोपाल में सफदर नागौरी, कमरुद्दीन, हाफिज, शिवली, शादुली, आमिल परवेज और अंसाब बंद हैं जिनमें से अंसाब को मरते दम तक की सजा है। शेष सभी छह दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई है। पांच किलोमीटर हॉट लाइन बिछेगीसिमी के इन कार्यकर्ताओं को अहमदाबाद ब्लास्ट में सजा मिलने के बाद गृह और जेल विभाग ने उच्चस्तरीय बैठक में जो फैसला किया था, उसके मुताबिक अब नजदीकी गांधी नगर पुलिस थाने से जेल को हॉटलाइन से जोड़े जाने का काम शुरू होने वाला है। गांधीनगर से जेल तक दूरी करीब पांच किलोमीटर है और यह हॉट लाइन अगले एक-दो दिन में बिछ जाने की संभावना है।

## गुरुग्राम में ट्रिपल मर्डर से सनसनी

**नई दिल्ली ।** राजधानी से सटे गुरुग्राम में सीएनजी पंप पर अज्ञात बदमाशों ने तीन युवकों की चाकू गोदकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान पुष्पेंद्र, भूपिंदर और नरेश के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। अपराधियों ने बीती रात 3 बजे नेशनल हाइवे से सटे सेक्टर 31 के सीएनजी पंप इस वारदात को अंजाम दिया। तीन युवकों में से एक पंप पर काम करने वाला मैनेजर है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने जानकारी दी, ञ्हमें सुबह 3 बजे सूचना मिली थी कि सीएनजी पंप पर 1 युवक का का शव पड़ा हुआ है। जिसके बाद हम मौके पर पहुंचे और आसपास छानबीन की तो 2 और शव मिले।ञ्ज पुलिस के मुताबिक, अपराधियों ने पहले सीएनजी पंप की लाइट बंद की और फिर तीनों युवकों की हत्या कर फरार हो गए।

**सीएनजी पंप की लाइट बंद कर अपराधियों ने तीन युवकों की हत्या की**

## पीएम मोदी की आपात बैठक

### यूक्रेन के पड़ोसी देशों में भेजे जाएंगे सिंधिया-रिजिजू समेत चार केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली।** यूक्रेन संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में वहां पर फंसे भारतीयों की चिंता भी बढ़ रही है। इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को फिर से उच्च स्तरीय आपात बैठक बुलाई है। सूत्रों के मुताबिक, यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों की निकासी के लिए चार केंद्रीय मंत्रियों को यूक्रेन के सीमावर्ती देशों में भेजा जा सकता है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, किरण रिजिजू व जनरल वीके सिंह को यूक्रेन के पड़ोसी देशों में भेजा जा सकता है। ये मंत्री निकासी मिशन के लिए अन्य देशों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे और वहां फंसे भारतीय छात्रों की मदद करने के का काम करेंगे। भारतीय छात्रों की निकासी के लिए सरकार की ओर से ऑपरेशन गंगा की शुरुआत की गई थी। इस मिशन के तहत अभी तक पांच फ्लाइट यूक्रेन में फंसे छात्रों को लेकर दिल्ली लौट चुकी हैं। सोमवार सुबह ही एक फ्लाइट 249 छात्रों को लेकर दिल्ली पहुंची। इससे पहले 26 फरवरी को एक और 27 फरवरी को तीन फ्लाइट दिल्ली लौटी थीं। इन्हें रोमानिया के रास्ते दिल्ली लाया गया है।



## कोरोना पर जीत के करीब देश!

नई दिल्ली। देश में रविवार को कोरोना वायरस से संक्रमण के 8,013 नए केस मिले और 119 मरीजों की मौत हुई। इस दौरान 16,765 लोग रिकवर हुए, जिससे अब तक ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,23,07,686 हो गई। फिलहाल 1,02,601 एक्टिव केस हैं जिसकी दर 0.24प्रश है। इस समय देश में डेली पॉजिटिविटी रेट 1.11प्रश है और वीकली पॉजिटिविटी रेट 1.17त्न है। रविवार को देश भर में 7,23,828 कोरोना टेस्ट हुए। अब तक 76.74 करोड़ टेस्ट हो चुके हैं। मालूम हो कि कोविड-19 के खिलाफ वैक्सीनेशन कैंपेन जारी है। देश भर में अब तक 177.50 करोड़ वैक्सीन डोज लग चुकी हैं।

### शेयर बाजार में भारी गिरावट BSE का सेंसक्स 800 पॉइंट्स नीचे गिरा

## निवेशकों को 3.5 लाख करोड़ का घाटा



**मुंबई ।** रूस-यूक्रेन में जारी भीषण युद्ध से जहां शेयर बाजार बेहाल है, आज भारी गिरावट है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 800 पॉइंट्स गिरकर 55,050 पर कारोबार कर रहा है। निवेशकों को 3.5 लाख करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप शुक्रवार को 250.07 लाख करोड़ रुपए था जो आज 246.50 लाख करोड़ रुपए है। सेंसेक्स 529 पाइंट्स नीचे 55,329 पर खुला था। पहले घंटे में इसने यही ऊपरी और 55,073 का निचला स्तर बनाया। इसके 30 शेयर्स में से केवल 2 बढ़त में और बाकी 28 गिरावट में कारोबार कर रहे हैं।

### टाटा ग्रुप की इस कंपनी ने कर दिया कंगाल

वहीं टाटा ग्रुप का एक शेयर अपने निवेशकों को लगातार कंगाल कर रहा है। टाटा ग्रुप की कंपनी टीटीएमएल के शेयर अपने ऑल टाइम हाई 290.15 रुपये से करीब 183 टूटकर 106.40 रुपये पर आ गया है। ऑल टाइम हाई से यह स्टॉक 157 फीसद टूट चुका है। आज यानी सोमवार को यह 5 फीसद की लोटर सर्किट पर है। एनएसई पर 21,66,840 शेयर बिकने को तैयार हैं, लेकिन खरीदार कोई नहीं। इस स्टॉक में केवल सेलर ही दिख रहे हैं।इतनी गिरावट के बावजूद इस टेलीकॉम शेयर ने पिछले 6 महीने में 189 फीसद का रिटर्न दिया है। अब कंपनी के तीमाही परिणाम के बाद इसमें गिरावट जारी है। पिछले 5 दिन में यह अपने निवेशकों को 24.15 फीसद का नुकसान करा चुका है। अगर इस साल की बात करें तो यह अबतक 110.25 फीसद तक टूट चुका है।

## लड़कियों पर शादी की उम्र थोपना गलत

### इससे नहीं मिलेगा मनचाहा परिणाम : RSS महिला विंग

**नई दिल्ली।** RSS की शीर्ष निर्णायक समिति की वार्षिक बैठक से पहले सेविका समिति ने रविवार को कहा कि लड़कियों को उपयुक्त शिक्षा हासिल करने के बाद ही विवाह करना चाहिए, लेकिन शादी की उम्र थोपने से सही परिणाम शायद नहीं मिल पाएंगे। संघ की प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक 11 मार्च से शुरू होगी, जहां महिलाओं की शादी की उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल करने के प्रस्ताव समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। दिसंबर में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने महिलाओं की शादी की उम्र पुरुषों की भांति ही 18 से 21 करने के प्रस्ताव संबंधी एक विधेयक पेश किया था।



# बच्चों ने दिखाई गजब की प्रतिभा

**कटनी।** श्री साईं स्थापना महोत्सव के शुभ अवसर पर साईं दरबार द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। गत 27 फरवरी को साईं मंदिर पहरूआ में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें करीब 50 बच्चों ने भाग लिया, इसके साथ ही 20 बच्चों द्वारा थाली सजाओ प्रतियोगिता का शानदार आयोजन जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इन प्रतियोगिता का पुरूस्कार वितरण एक मार्च को शाम 6,30 पर सांई मंदिर में होगा। आयोजक ग्रुप श्रीमती अनु शंशाक श्रीवास्तव, श्रीमती नीतू गुप्ता, श्रीमती कंचन नगर, शिवांगी गुप्ता, श्रीमती रीना, श्रीमती विमला पायल ,श्रीमती नमिता ,संगीता जयसवाल,अंजू जैन, शामिल रही।

प्रतियोगिता का जजमेंट श्रीमती अनुपमा सिंह जी, रिया जैन जी, श्रीमती अनु श्रीवास्तव ने किया। दरबार समिति के वी.के मलिक जी, श्री राजेंद्र बैरागी जी, अभय कनकने, मोहित वर्मा, दीपक दुबे, आशीष शुक्ला, यश, वंश, गौरव, सुरेंद्र पाठक, दिनेश जी, लाऊ जी, लकी ठाकुर ,वीकेजी सभी सांईं भक्तगण शामिल थे।







# विजयराघवगढ़ महोत्सव के सफल आयोजन पर जताया विधायक संजय पाठक का आभार



**विजयराघवगढ।** राजा सरयू प्रसाद सिंह की स्मृति में 3 दिवसीय विजयराघवगढ़ महोत्सव प्राचीन किला प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसे सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए एसडीएम द्वारा जनप्रतिनिधियों, नागरिकों व अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई थी। तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन 22 फरवरी को स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई। द्वितीय दिवस ख्याति प्राप्त ऐतिहासिक कवियों के साथ स्थानीय युवा कवि अजय त्रिपाठी एवं प्रियंका मिश्रा द्वारा कविता पाठ किया गया। तृतीय दिवस 24 फरवरी को विशाल रंगारंग कार्यक्रम में जबलपुर से आए आर्केस्ट्रा के कलाकारों द्वारा देश भक्ति गीतों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई, जिसमें थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को संपन्न कराने प्रशासन द्वारा दिए गए बजट की कमी को विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा पूर्ण किया गया, जिसके कारण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हो सका। कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप देने स्थानीय जनों बाबूलाल उमलिया, राकेश उरमलिया, विनोद कुमार मिश्रा, अरविंद बड़गैया, राकेश गुप्ता, राजेंद्र कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, शिवराम गुप्ता, मुन्नू गुप्ता, डॉ. एस के सिंह, डॉ. एस के स्वर्णकार, डॉ जीपी पाठक, डॉ विनोद कुमार, मनीष देव मिश्रा, उदयराज सिंह चौहान, रमेश जायसवाल, ओम प्रकाश शर्मा, श्रीमती निर्मला शर्मा, श्रीमती राधा मिश्रा, श्रीमती भाग्यवती गुप्ता, शैलेंद्र सिंह बघेल, लक्ष्मी प्रसाद द्विवेदी, राजा बड़गैया, सुशील कुमार गुप्ता, जमील खान, सुशील साहू, शान मोहम्मद, मो जुबैर मोहम्मद, आजाद ने जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय विधायक संजय पाठक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कटनी के स्वतंत्रता संग्राम पर डॉ. अमित साहू की कृति का विमोचन समारोह 6 मार्च को

**कटनी।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में कटनी जिला के योगदान को रेखांकित करने वाली कृति का विमोचन समारोह आगामी 6 मार्च रविवार दोपहर 3 बजे स्थानीय अरिंदम होटल परिसर में आयोजित है । नगर के प्रतिष्ठित बाल चिकित्सक डॉ. अमित साहू द्वारा लिखित इस कृति में सन 1857 में तत्कालीन विजयराघवगढ़ रियासत से लेकर सन 1947 तक कटनी तहसील में घटित स्वतंत्रता संग्राम की प्रमुख गतिविधियों को एक सूत्र में पिरोकर प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है । स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव काल में इस कृति का प्रकाशन इंटेक कटनी चेप्टर, भारतीय सांस्कृतिक न्यास कला और सांस्कृतिक विरासत कटनी अध्याय द्वारा किया गया है । विमोचन समारोह में इंटेक कटनी चेप्टर सहित इतिहास, साहित्य, कला से जुड़े अतिथी गण शामिल होंगे।



# रात में एमपीईबी की चेंकिंग, लाखों रुपये था बकाया, 60 कनेक्शन काटे



**कटनी।** फरवरी से मार्च का महीना कुछ ऐसा होता है जब पुरानी वसूली निकल कर सामने आ जाती है हाल फिलहाल नगर निगम की टेक्स वसूली चालू है तो वहीं बिजली विभाग भी पुराने बकायदार सहित घर घर चेकिंग में जुटा है। शहर में कई ऐसे उपभोक्ता हैं जो भरपूर बिजली का उपयोग तो कर रहे हैं लेकिन बिल जमा नहीं कर रहे थे। विद्युत विभाग के नोटिस को भी नजरअंदाज कर रहे थे। इस पर विभाग के असफरों ने टीम बनाकर दबिश दी और ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। गुरुवार की देररात कार्रवाई शुरू हुई जो आधी रात से भी अधिक समय तक कार्रवाई जारी रहीं। इस दौरान लगभग 60 घरों के कनेक्शन काटे गए व बिजली चोरी पकड़ी गई। बता दें कि यह ताबड़तोड़ कार्रवाई 28 करोड़ रुपये बकाया राशि को वसूलने शुरू की गई है। जानकारी के अनुसार कार्रवाई के दौरान अधीक्षण अभियंता संजय अरोरा, शहर संभाग डीइ सुभाष नागेश्वर सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। टीम ने माधवनगर, रोशन नगर, एनकेजे, जालपा वार्ड पुरानी बस्ती आदि में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान बड़े बकायादारों में कई लोगों से बिल वसूला गया तथा उन्हें चेतावनी दी गई।

## 10 कनेक्शन मिले बाइपास

जांच कार्रवाई के दौरान 10 कनेक्शन अवैध पाए गए। बिजली चोरी कर रहे थे। रात में बाइपास कर बिजली जला रहे थे, जिनके कनेक्शन काटते हुए बिजली चोरी के प्रकरण बनाए गए हैं। इस दौरान 100 से अधिक कनेक्शनों की जांच की गई। डीई ने कहा कि कई माह से बिजली न जमा करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# 2 घंटे में 10 किलोमीटर का सफर

## एनकेज में दो घंटे खड़ी रही बिलासपुर-कटनी मेमू, जबलपुर-अंबिकापुर को निकलने में लगे एक घंटे



**कटनी।** कटनी के आउटर या फिर समीपी स्टेशनों से ट्रेनें चल कर मुख्य स्टेशन मुड़वारा या फिर कटनी साउथ कुछ मिनट में पहुंच जाएं तो समझिए आपकी किस्मत अच्छी है क्योंकि कटनी से आउटर अथवा समीपर स्टेशनों से आने वाली ट्रेनों को दो दो घंटे लग जाता है कटनी के मुख्य स्टेशनों तक पहुंचने में एक से दो घंटे तक लग जाता है। कटनी बिलासपुर से कटनी आने वाली 08747 मेमू ट्रेन शनिवार को कटनी जंक्शन से एक स्टेशन पहले झलवारा तक 3 बजे पहुंच गई, लेकिन इस ट्रेन को झलवारा से कटनी आने के लिए 10 किलोमीटर की दूरी तय करने में 2 घंटे से ज्यादा समय लग गए। यही स्थिति जबलपुर से अंबिकापुर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन 11265 की रही। यह गाड़ी कटनी साउथ स्टेशन से तो 3.09 बजे छूट गई, लेकिन एक घंटे से ज्यादा समय न्यू कटनी जंक्शन (एनकेजे) आउटर पर खड़ी रही। रेल यात्रियों ने बताया कि एनकेजे में यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी नई बात नहीं है। यहां मालगाड़ी परिचालन के लिए रेलवे प्रबंधन द्वारा यात्री सुविधाओं के दावे ताक पर रख दिए जाते हैं। कटनी आने वाली यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी से 2 बड़े नुकसान कटनी जंक्शन में बिलासपुर की ओर से आने वाली यात्री ट्रेनों के कई यात्री ऐसे भी होते हैं जिन्हे जंक्शन से दूसरी दिशा के लिए ट्रेनें बदलनी पड़ती है। ऐसे यात्रियों की कई बार आगे की गाड़ी छूट जाती है। कटनी व्यापारिक शहर है और आसपास जिलों से छोटे व्यापारी खरीददारी के लिए आते हैं, ऐसे में ट्रेनों की एक से दो घंटे लेटलतीफी से व्यापारियों को खरीददारी के लिए समय नहीं मिलता। वापसी ट्रेन के छूटने का भय बना रहता है। देश के प्रमुख रेलवे यार्ड में एक एनकेजे, यात्री ट्रेनों के लेट होने का एक कारण यह भी एनकेजे देश के बड़े रेलवे यार्ड में शुमार है। यहां कोयला लोड मालगाड़ी की आवक ज्यादा होती है। जाहिर है मालगाड़ी परिचालन में मुनाफा ज्यादा है और इस कारण कई बार रेलवे प्रबंधन की प्राथमिकता में मालगाड़ी की निकासी होती है। इसका नुकसान यात्री ट्रेनों को होता है। और आम रेल यात्री परेशान होते हैं।

### मार्जिन समय कम कर सकता है रेलवे

कटनी से बिलासपुर दिशा की ओर यात्री ट्रेनों के परिचालन में स्टेशनों के बीच ट्रेनों की गति की तुलना में समय ज्यादा रखा गया है। रेलवे प्रबंधन मार्जिन समय कम कर यात्रियों के समय की बचत कर सकती है। एनकेजे में मालगाड़ी परिचालन को कुछ समय के लिए रोककर यात्री ट्रेन निकाली जा सकती है। इसके लिए रेल अफसरों को ट्रेन परिचालन प्रबंधन में यात्री सुविधाओं को तवज्जो देने की मानसिकता के साथ काम करना होगा। झलवारा स्टेशन में कटनी आने वाली सभी ट्रेनों का स्टॉपेज दे दिया जाए तो यात्री झलवारा से कटनी तक की दूरी ऑटो व दूसरे साधन से पूरी कर लेंगे। इससे ऑटो चालकों का व्यवसाय बढ़ेगा और यात्रियों की भी समय की बचत होगी।

**कटनी में खेल स्पर्धा**

# प्रतियोगिता में जमकर दौड़े धावक, फिर मिले पुरूस्कार

## डिस्ट्रिक्ट मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन व जायंट्स ग्रुप ऑफ़ मुड़वारा का आयोजन







**कटनी।** 5 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता का समापन कटनी डिस्ट्रिक्ट मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन ( कदमा ) व जायंट्स ग्रुप ऑफ़ मुड़वारा कटनी द्वारा आयोजित 5 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता का समापन कल रविवार 27 फरवरी को प्रात: 9.00 फॉरेस्टर खेल मैदान कटनी में किया गया । कटनी डिस्ट्रिक्ट मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन प्रत्येक माह एथलेटिक्स के एक इवेंट की प्रतियोगिता आयोजित करती है। कटनी डिस्ट्रिक्ट मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन का गठन 1 सितंबर 2021 में किया गया तत्पश्चात संघ ने नवंबर माह में 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता, दिसंबर माह में पैदल चाल ( वाकिंग ) प्रतियोगिता, जनवरी माह में गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक प्रतियोगिता, व फरवरी माह में 5 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । 5 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता में कटनी जिले के लाड़ियों ने प्रतियोगिता में बढ़ - चढ़कर भाग लिया यह प्रतियोगिता पुरुष व महिला वर्ग 35 + , 40 + , 45 + , 50 + , 55 + , 60 + , 65 + , 70 + , 75 + , + , 80 + , 85 + , 90 + , आयु वर्ग में आयोजित की गई थी। परिणाम में ( महिला वर्ग ) 35 वर्ष प्रथम श्रीमती दीपक श्रीवास्तव, ( पुरुष वर्ग ) प्रथम अब्दुल ईस्ताक, द्वितीय विकास चौधरी, 40 वर्ष प्रथम मोहसिफ अहमद ( बिट्टू भाई ), 45 वर्ष प्रथम सत्येंद्र शर्मा, द्वितीय धर्मेंद्र शर्मा, तृतीय कमलेश कुमार, 50 वर्ष प्रथम कमल कुमार गौड़, 55 वर्ष प्रथम बृजमोहन प्यासी व 65 वर्ष प्रथम रविंद्र ईश्वर, 45 वर्ष वीरेंद्र रजक को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण पुलिस विभाग के शिव शंकर दुबे व राजेंद्र मिश्रा , कटनी डिस्ट्रिक्ट मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन के जगदीश प्रसाद गुप्ता व राज कुमार सोनखरे द्वारा किया गया । संघ अध्यक्ष राजेश मनोध्या ने संघ के उद्देश्यों की जानकारी खिलाड़ियों व दर्शकों को दी संघ के सचिव अलोक कुमार जूडराज ने मंच संचालन कर पुलिस विभाग चिकित्सा विभाग जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग जायंट्स ग्रुप ऑफ़ मुड़वारा कटनी का आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में देवी सिंह ( डब्बू ) सह सचिव , के एल कनकने कोषाध्यक्ष ), विभाष पाटिल , शम्स तबरेज , श्रीमती अर्चना मनोध्या , पवन ठकरानी , तनूप सरकार , कपिल मिश्रा , पवन यादव , हरि शंकर बाजपेई ( कल्लू ) , दीपू निषाद प्रदुमन चौबे व हर्षल सोनी की उपस्थिति रही ।

# कटनी के सेंड स्टोन की बढ़ रही देशभर में डिमांड




**कटनी।** सेंड स्टोन पर कारीगरी का काम करने वाले वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। यहां के सेंड स्टोन को घरों में फर्श, छत व दीवारों में उपयोग होता है। सबसे अधिक मांग इन दिनों घरों, गार्डन को खूबसूरत बनाने के लिए आर्च, जालियां, स्टैचू, मंदिर, पिलर, आदि तैयार करने में है। जिले की खदानों में तीन रंग का सेंड स्टोन पाया जाता है। जिसमें लाल, हरा और पीला रंग शामिल है और इनके माध्यम से ही शिल्पकला के कारीगर देशभर में लोगों को अपनी कला से प्रभावित कर रहे हैं। कई बड़े शहरों में शिल्पकला के लिए कटनी के पत्थर की मांग है। जिले को इन खदानों से हर साल 10 लाख रूपये से अधिक का राजस्व मिलता है। अब यह बढ़ने की उम्मीद है। शिल्पकारों ने अपनी कला को जिले में निकलने वाले पत्थरों पर ही उकेरा और आज वे ऐतिहासिक कलाकृतियां हमारे पास धरोहर के रूप में मौजूद हैं।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
1,3, 7 एवं रात्रि 9 बजे से




गंगुबाई कठियावाड़ी
कलाकार- आलिया भट्ट, अजय देवगन, विजय राज, सीमा पहवा आदि।
Tickets Available on Book My Show

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
12,4, 6 एवं रात्रि 10 बजे से




VALIMAI (हिन्दी में)
कलाकार- अजीत कुमार, हुमा कुरैशी, योगी बाबू, दिनेश प्रभाकर आदि।
Tickets Available on Book My Show

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 25 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
VALIMAI
(हिन्दी में)
कलाकार- अजीत कुमार, हुमा कुरैशी, योगी बाबू, दिनेश प्रभाकर आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

# मूलभूत सुविधाओं की राह तो अब जलसंकट भी गहराया



**कटनी।** समय रहते बढ़ते जलसंकट पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति भयंकर होगी। शहर ही नहीं गांव और उपनगरीय क्षेत्रों के लोग पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। कटनी शहर में रहवासी मूलभूत सुविधाओं को लेकर पहले ही परेशान हैं। कई क्षेत्रों में पिछले दो दशकों से सड़क, नाली सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। पिछले दो दशकों से सड़क, नाली सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। कटनी के कई पिछड़े क्षेत्र जहां आमजनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां न तो प्रकाश की व्यवस्था की गई है और न ही सड़क का निर्माण हुआ है। इससे बारिश के दिनों में लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पीने के पानी के लिए भी कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है। और तो और कई क्षेत्रों में बिजली की व्यवस्था भी संकट में है। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई भी चौपट हो रही है। क्षेत्र के लोगों ने एक आवेदन सौंपकर विकास कार्यों की मांग की। कैलवारा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों से कई क्षेत्रों में यहां पर सही ढंग से बिजली व्यवस्था भी नहीं है। इससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# महाशिवरात्रि कल, मंदिरों में उमड़ेगी शिवभक्तों की भीड़



## दोपहर में धूमधाम से निकलेगी शिव बारात, शाम को भजनों पर झूमेंगे श्रद्धालु

**कटनी।** महाशिवरात्रि का पर्व कल शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण अंचलों में अपार उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिवमंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह होते ही भक्त शिव की भक्ति में लीन नजर आएंगे। मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक और पूजन अर्चन किया जाएगा। हर साल की तरह इस वर्ष भी शिव बारात धूमधाम के साथ निकाली जा रही है। शिवबारात की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर के प्रमुख अल्फर्टगंज स्थित मघई मंदिर, साधूराम स्कूल के पास स्थित शिव मंदिर, जिला चिकित्सालय रोड स्थित शिव मंदिर सहित अन्य शिवमंदिरों में कल महाशिवरात्रि पर्व की धूम रहेगी।

### बग्घा बाबा की तलैया में भरेगा मेला

महाशिवरात्रि पर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 38वां विराट मेला, अभिषेक पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन कल 1 मार्च को बग्घा बाबा की तलैया खिरहनी में किया गया है। सुबह 8 बजे से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन किया जाएगा, इसके बाद दोपहर 12 बजे से महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। समस्त नाकरा परिवार एवं नागेश्वर धाम मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं से इस आयोजन में शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

### नीलकंठेश्वरधाम में दो दिवसीय आयोजन

विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम सलैया पड़खुरी में स्थित नीलकंठेश्वर धाम में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नीलकंठेश्वर धाम की स्थापना की 32वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जा रही है। यहां महाशिवरात्रि पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिव भक्त ग्रोवर परिवार से मिली जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि पर कल 1 मार्च को यहां सुबह पूजन हवन के साथ पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक होगा। पार्थिव पूजन की पूर्णाहुति के पश्चात सायंकाल भगवान भोलेनाथ की बारात की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। अगले दिन 2 मार्च को विशाल भंडारा एवं भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। ग्रोवर परिवार ने सभी श्रद्धालु भक्तों से कार्यक्रम में पहुंच कर धर्मलाभ एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

### मघई मंदिर में होंगे विभिन्न कार्यक्रम





अल्फर्टगंज स्थित मघई मंदिर से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अपरान्ह 3 बजे से गाजे-बाजे के साथ शिवबारात निकलेगी। जो कि शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस मघई मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी। जानकारी के अनुसार मघई मंदिर में कल महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह से भगवान भोजेनाथ का अभिषेक पूजन, अर्चन किया जाएगा। दोपहर शिवबारात निकलेगी, जिसमे राधारानी मंडल द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। मुख्य यजमान गोयनका परिवार एवं अन्य शिवभक्तों द्वारा शाम को महाआरती की जाएगी, इसके उपरांत प्रसाद वितरित किया जाएगा। राधा माधव समिति एवं बजरंग बाल रामायण समाज द्वारा भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी जाएगी।

## बरही में महाशिवरात्रि महोत्सव की रहेगी धूम

### राममंदिर से विजयनाथधाम पहुंचेगी भव्य बारात, नगर में सज रहे तोरण द्वार



**बरही।** कटनी जिले की धार्मिक नगरी विजयनाथधाम बरही में महाशिवरात्रि के पावन अवसर का महोत्सव इस वर्ष भी पूरी आस्थाए भक्तिभाव के साथ कल 1 मार्च मंगलवार को मनाया जाएगा। नगर के रामलला दरवार से भोलेनाथ की दिव्य, भव्य एवं अलौकिक बारात पूरे उमंग, उल्लास व धूमधाम से निकाली जाएगी। बारात में शिव-पार्वती, नंदी, भूतगणों की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी, तो वहीं मेरठ से आए कलाकार शिव-पार्वती के वेश में नृत्य तांडव करते हुए धूम मचाएंगे। बारात में भव्यता लाने के लिए राममंदिर दरवार से विजयनाथधाम तक तोरण द्वार से सजाया जा रहा है। शिव बारात में भव्यता लाने के लिए कार्यक्रम संयोजन नटराज फिलिंग सेंटर के संचालक व विजयनाथधाम समिति के सचिव अशोक वर्मा अपनी टीम के साथ व्यवस्था बनाने में जुटे हुए है। बारात में समूचे नगरवासी सहभागिता निभाने के लिए उत्साहित है। पूरे बारात मार्ग में जगह-जगह स्वागत करने की भी तैयारी की जा रही है। मंगलवार की शाम 5 बजे बारात श्रीरामलला दरवार से हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए प्रस्थान करेगी।

## प्रदेश में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा



कटनी पहुंचे आम आदमी पार्टी के यूथ विंग के प्रदेशाध्यक्ष, मीडिया से बातचीत में सरकार पर साधा निशाना

**कटनी।** आम आदमी पार्टी के यूथ विंग के प्रदेशाध्यक्ष संदीप शाह का प्रथम नगर आगमन हुआ। दोपहर 1 बजे श्री शाह के आगमन पर जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा के मार्गदर्शन में यूथ जिलाध्यक्ष लकी सिंह रावत के नेतृत्व में पन्ना नाका से रेल्वे स्टेशन से पार्टी कार्यालय तक स्वागत बाईक रैली निकाली गई एवं गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इसके उपरांत जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी में पार्टी के संगठन को मजबूत करने व विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान श्री शाह ने मीडिया से बताया कि सरकारी आंकड़े के अनुसार मध्यप्रदेश में सिर्फ 50 लाख युवा बेरोजगार हैं, जबकि यह आकड़ा फर्जी है। प्रदेश में एक करोड़ के ऊपर युवा बेरोजगार हैं। प्रदेश के हर तीसरे घर में पढ़ा लिखा इंजीनीयर, डिग्री, डिप्लोमा किया हुआ बेरोजगार छात्र मिलेगा। अब प्रदेश का युवा शांत नही बैठेगा, बल्कि भाजपा सरकार की जन विरोधी, नौजवान विरोधी, किसान विरोधी व संपूर्ण युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएगा और जन आंदोलन करेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, यूथ विंग जिलाध्यक्ष लकी सिंह रावत, हनी बरसैयां, प्रतीक पाठक, समीम अंसारी, अफरोज अहमद, विनोद शर्मा, गौरव सेन, जितेंद्र दाहिया, विनय लोधी, गुसेश्वर साहू, अफल लाल यादव, नसीम अंसारी, मनमोल मंगवानी, अलका गौड़, नीलिमा मसीह, सुदामा इडनानी, हर्ष तिवारी, दीपक आजाद, मंगल कोल, सद्दू दाहिया, अर्जुन कुशवाहा, ललित दुबे की उपस्थिति रही।



## एनएसयूआई ने कॉलेजों में लगाई हेल्प डेस्क

### छात्रों से जानी समस्याएं, किया निराकरण

कटनी। कॉलेजों के पुनः प्रारम्भ होते ही छात्र हित में छात्रों की समस्या जानने एवं उनके निराकरण के उद्देश्य से एनएसयूआई द्वारा कॉलेजों में हेल्प डेस्क एवं सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक दिव्यांशू मिश्रा अंशू के निर्देश पर मोहम्मद इसराइल द्वारा ढीमरखेड़ा कालेज में हेल्प डेस्क लगाई गई एवं सदस्यता अभियान चलाकर छात्रों की समस्या जानी। मो. इसराइल ने बताया कि प्रत्येक कॉलेजों में हेल्प डेस्क एवं सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। कोरोना के बाद से छात्रों को नए शैक्षणिक सतर में विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके निराकरण हेतु एनएसयूआई लगातार संघर्ष करेगी। नयी शिक्षा नीति से भी छात्रों में सरकार के खिलाफ आक्रोश है, जिसे लेकर चरणबद्ध आंदोलन की भूमिका तैयार की जा रही है। अभियान में उपाध्यक्ष शाहरुख खान, ब्लॉक अध्यक्ष छत्रपाल सिंह, सागर शुक्ला ब्लॉक, उपाध्यक्ष मुस्कान सिंह ठाकुर, रामनरेश सिंह, अमन पटेल, चांदनी गिरी गोस्वामी, शेखर गोस्वामी, अमित पटेल, अंकित सेन सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

## भैंसवाही में वैकुण्ठ उत्सव 4 मार्च से

**विजयराघवगढ।** समीपी ग्राम भैंसवाही में श्री राधाकृष्ण निकुंज में 4 मार्च से 8 मार्च तक वैकुण्ठ वासी विश्वम्भर प्रसाद पांडेय के निमित्त श्री बैकुण्ठोत्सव पं कृष्णदास पांडेय, रामानुज पांडेय, हरिप्रपन्न पांडेय सहित भक्तजनों द्वारा कराया जा रहा है। श्री वैकुण्ठोत्सव के संबंध में विमलेन्दु पयासी ने बताया कि श्री रामानुज संप्रदाय में जीव के परमपद पर उत्सव के रूप में बैकुण्ठोत्सव नाम से अलंकृत किया गया है। यह उत्सव भगवत भागवत आचार्य के मुखोल्लासार्थ आयोजित किया जाता है। श्री बैकुण्ठोत्सव के अन्तर्गत कलश स्थापना, श्री विश्वक्सेन पूजन, आलवारों द्वारा विरचित दिव्य प्रबंध पाठ, सहस्त्रगीती, श्री मद्वालमीकीय रामायण, श्रीमद्भागवत, श्रीभगवद गीता, श्री विष्णुसहस्त्रनाम का पाठ किया जाता है। अंतिम दिवस शोभायात्रा तदीयाराधन भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस अवसर पर वृन्दावन के आचार्य यशोदानंदन महाराज, वैष्णवाचार्य संत नारायण स्वामी महाराज, आचार्य दीपक शास्त्री, वेदाचार्य राकेश उरमलिया सहित अन्य विद्वत आचार्यों की उपस्थिति में बैकुंठ उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

## पाठक वार्ड में स्वास्थ्य शिविर 70 मरीजों ने करवाया उपचार





**कटनी।** पाठक वार्ड में आज निःशुल्क स्त्री रोग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमे आर्डिनेंस हॉस्पिटल में पदस्थ महिला चिकित्सक डॉक्टर ज्योति तिवारी ने शिविर में अपनी सेवाएं दी और यहां आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस अवसर पर शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी भाजपा नेता मनीष पाठक की मौजूदगी रही। शिविर में 70 से अधिक महिला रोगियों ने पहुंकचर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। जिसमे ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, अनियमित माहवारी, बांझपन आदि स्त्री रोग सहित सामान्य बीमारी पर महिला रोगियों की निःशुल्क जांच हुई। शिविर के आयोजन में मां विरासनी मेडिकल स्टोर्स के संचालक प्रशांत शुक्ला का योगदान रहा।

**कार्यालय कलेक्टर जिला-कटनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**

प्रारूप धारा – 19 भू-अर्जन अधिनियम आवश्यक कंडिका

पत्र क्र. 601/ प्रवा./भू-अर्जन/ 2022 — कटनी दिनांक 21/01/2022

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद-1 में वर्णित भूमि के अनुसूची के पद-2 में उल्लेखित भूमियों का सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अतः भू-अर्जन पुनर्वास और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी भूमि/शासकीय भूमि पर स्थित सम्पत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है:-

अनुसूची

भूमि का वर्णन-

क- जिला : कटनी
ख- तहसील : विजयराघवगढ़
ग- ग्राम : कुटेश्वर
घ- क्षेत्रफल लगभग : 31.67 हेक्टेयर

| स.क्र. | खसरा न. | प्रभावित रकवा हेक्टेयर में | स.क्र. | खसरा नं. | प्रभावित रकवा | स.क्र. | खसरा नं. | प्रभावित रकवा हेक्टेयर में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 165.1 | 0.03 | 20 | 215/1 | 0.03 | 39 | 368 | 0.04 |
| 2 | 168 | 0.77 | 21 | 215/2 | | 40 | 369/1 | 0.2 |
| 3 | 172/1 | | 22 | 215/3 | | 41 | 370/1 | |
| 4 | 172/1 | 0.12 | 23 | 215/4 | | 42 | 370/2 | 0.09 |
| 5 | 172/3 | | 24 | 215/5 | | 43 | 370/3 | |
| 6 | 190/1 | 0.45 | 25 | 216 | 0.26 | 44 | 370/4 | |
| 7 | 196/1 | 0.06 | 26 | 217/1 | 0.52 | 45 | 371 | 0.16 |
| 8 | 197/1 | 0.12 | 27 | 219/1 | 0.09 | 46 | 452 | 0.30 |
| 9 | 201/1 | 0.23 | 28 | 219/2 | 0.09 | 47 | 454 | 0.13 |
| 10 | 202/1 | 0.06 | 29 | 219/3 | 0.08 | 48 | 459 | 0.15 |
| 11 | 202/2 | | 30 | 220 | 0.15 | 49 | 460/1 | 0.12 |
| 12 | 204 | 0.03 | 31 | 222/1 | 0.42 | 50 | 460/2 | 0.12 |
| 13 | 210 | 0.04 | 32 | 223/1 | 0.46 | 51 | 460/3 | 0.13 |
| 14 | 173 | 0.28 | 33 | 226 | 0.21 | 52 | 461/1 | 0.05 |
| 15 | 180 | 0.16 | 34 | 231/1 | 0.77 | 53 | 463/1 | 0.03 |
| 16 | 181 | 0.14 | 35 | 238/1 | 0.13 | 54 | 464/1 | 0.07 |
| 17 | 183 | 0.56 | 36 | 357 | 0.20 | 55 | 461/2 | 0.05 |
| 18 | 184 | 0.22 | 37 | 358 | 0.06 | 56 | 463/3 | 0.03 |
| 19 | 214/1 | 0.24 | 38 | 366 | 0.06 | 57 | 464/3 | 0.07 |
| 58 | 461/3 | 0.03 | 92 | 483 | 0.56 | 126 | 564/1 | |
| 59 | 463/4 | 0.03 | 93 | 484 | 0.46 | 127 | 564/2 | 0.09 |
| 60 | 464/4 | 0.07 | 94 | 485/1 | 0.92 | 128 | 564/3 | |
| 61 | 461/4 | 0.03 | 95 | 485/2 | 0.93 | 129 | 365/1 | |
| 62 | 463/5 | 0.03 | 96 | 485/3 | 0.92 | 130 | 365/5 | 0.28 |
| 63 | 464/5 | 0.07 | 97 | 485/4 | 0.87 | 031 | 365/3 | |
| 64 | 461/5 | 0.10 | 98 | 486 | 0.10 | 032 | 365/4 | |
| 65 | 463/7 | 0.06 | 99 | 489/1 | | 133 | 566/1 | |
| 66 | 461/6 | 0.03 | 100 | 489/2 | 0.22 | 134 | 566/2 | |
| 67 | 463/6 | 0.03 | 101 | 489/3 | | 135 | 566/3 | 0.06 |
| 68 | 461/7 | 0.05 | 102 | 489/4 | | 136 | 566/4 | |
| 69 | 463/8 | 0.04 | 103 | 498/1 | 0.43 | 137 | 566/5 | |
| 70 | 461/8 | 0.04 | 104 | 498/3 | 0.07 | 138 | 566/6 | |
| 71 | 463/9 | 0.03 | 105 | 500 | 0.25 | 139 | 568/1 | 0.10 |
| 72 | 461/9 | 0.03 | 106 | 501/1 | 0.09 | 140 | 584 | 0.14 |
| 73 | 463/10 | 0.03 | 107 | 501/2 | 0.08 | 141 | 585 | 0.27 |
| 74 | 463/2 | 0.03 | 108 | 501/3 | 0.08 | 142 | 586 | 0.06 |
| 75 | 464/2 | 0.07 | 109 | 501/4 | 0.08 | 143 | 587 | 0.30 |
| 76 | 465/ | 0.24 | 110 | 501/5 | 0.09 | 144 | 588/1 | |
| 77 | 466 | 0.05 | 111 | 501/6 | 0.09 | 145 | 588/2 | |
| 78 | 467 | 0.34 | 112 | 502 | 0.16 | 146 | 588/3 | |
| 79 | 468 | 0.34 | 113 | 503/1 | 0.36 | 147 | 588/4 | 0.18 |
| 80 | 469/1 | 0.09 | 144 | 506 | 0.38 | 148 | 588/5 | |
| 81 | 469/2 | 0.08 | 115 | 507/1 | 0.15 | 149 | 588/6 | |
| 82 | 470 | 0.60 | 116 | 507/2 | 0.15 | 150 | 597/1 | |
| 83 | 471 | 1.76 | 117 | 507/3 | 0.15 | 151 | 597/2 | |
| 84 | 473 | 0.25 | 118 | 508 | 0.54 | 152 | 597/3 | 0.04 |
| 85 | 474 | 0.14 | 119 | 509 | 0.65 | 153 | 597/4 | |
| 86 | 475 | 0.25 | 120 | 510 | 0.23 | 154 | 613/2 | |
| 87 | 477 | 0.59 | 121 | 511 | 0.23 | 155 | 613/3 | 0.35 |
| 88 | 479 | 0.12 | 122 | 512/1 | 0.20 | 156 | 627/1 | 0.02 |
| 89 | 480 | 0.14 | 123 | 512/2 | 0.21 | 157 | 631/1 | 0.12 |
| 90 | 481 | 0.48 | 124 | 514/1 | 0.40 | 158 | 632/1 | |
| 91 | 482 | 1.03 | 125 | 519 | 0.41 | 159 | 632/2 | |
| 160 | 632/3 | 0.12 | 186 | 811/1 | 1.16 | | | |
| 161 | 632/4 | | 187 | 811/2 | | | | |
| 162 | 640/1 | 0.04 | 188 | 811/3 | | | | |
| 163 | 640/2 | | 189 | 811/4 | | | | |
| 164 | 644/1 | 0.14 | 190 | 816/1 | | | | |
| 165 | 782/1 | 0.03 | 191 | 816/2 | 0.04 | | | |
| 166 | 782/2 | | 192 | 816/3 | | | | |
| 167 | 782/3 | | 193 | 816/4 | | | | |
| 168 | 783 | 0.04 | 194 | 820 | 0.03 | | | |
| 169 | 784/1 | 0.16 | 195 | 908/1 | 0.24 | | | |
| 170 | 784/2 | | 196 | 908/2 | | | | |
| 171 | 784/3 | | 197 | 909 | 0.05 | | | |
| 172 | 784/4 | | 198 | 910 | 0.06 | | | |
| 173 | 784/5 | | 199 | 912 | 0.05 | | | |
| 174 | 785 | 0.02 | 200 | 1030 | 0.09 | | | |
| 175 | 796 | 0.06 | 201 | 1032/1 | 0.07 | | | |
| 176 | 799/1 | 0.06 | 202 | 1035 | 019 | | | |
| 177 | 799/2 | 0.03 | 203 | 1037/1 | 0.04 | | | |
| 178 | 799/3 | 0.03 | 204 | 1038/1 | 0.07 | | | |
| 179 | 800 | 0.06 | 205 | 1039/1 | | | | |
| 180 | 802 | 0.04 | 206 | 1039/2 | 0.20 | | | |
| 181 | 803 | 0.07 | 207 | 1039/3 | | | | |
| 182 | 804 | 0.03 | | योग | 31.67हैं. | | | |
| 183 | 805/1 | 0.04 | | | | | | |
| 184 | 805/2 | | | | | | | |
| 185 | 808 | 0.04 | | | | | | |

म.प्र के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

मोहन श्याम वशिष्ठ अनुविभागीय अधिकारी बाणसागर पक्का बांध उपसंभाग क्र.7 पो.आ.बाणसागर,जिला-शहडोल (म.प्र)

महेश मण्डलोई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विजयराघवगढ़ जिला कटनी म.प.

(आर.पी.सिंह कंवर) कार्यपालन यंत्री बाणसागर पक्का बांध संभाग क्र.3 पो.आ.बाणसागर,जिला-शहडोल (म.प्र)

(प्रियक मिश्रा) कलेक्टर एंव पदेन उपसचिव म.प्र शासन राजस्व विभाग-कटनी (म.प्र)

G-23059-21

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

Dr
सी. आर. एम.
डे केयर क्लीनिक
डॉ. एस. के. शर्मा, एमडी (मेडिसिन)
वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)
डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फैलोशिप इन डायबिटिस, हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फीजिशियन जिला अस्पताल कटनी म.प्र. मो. 8826395999 -
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी, एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)
पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक- पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

# आठ महीने बाद भी नहीं हुआ लमतरा ओवरब्रिज का सुधार

## रेल अंडरपास के वैकल्पिक मार्ग से तकलीफदेह सफर करने मजबूर हैं हजारों लोग





**कटनी। कटनी-विजयराघवगढ़ और कटनी-शहडोल मार्ग के संगम स्थल पर आठ करोड़ की लागत से रेलवे लाइन पर बने लमतरा ओवरब्रिज को क्षतिग्रस्त हुए आठ महीने से भी अधिक का समय हो गया। महीनों बीत जाने के बाद भी अब तक इस महत्वपूर्ण ओवरब्रिज का सुधार नहीं हो सका। ओवरब्रिज से वाहनों का आवागमन अभी भी प्रतिबंधित है। प्रतिदिन कैमोर, विजयराघवगढ़, बरही, उमरिया, शहडोल, मैहर, जबलपुर आदि की ओर आने-जाने वाले हजारों वाहनों को लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया के समीप बने रेल्वे अंडर पास से होकर तकलीफदेह यात्रा करनी पड़ रही। ओवरब्रिज का सुधार कार्य इतनी मंथर गति से चल रहा कि इसके पूरा होने में अभी कई महीने का समय लग सकता है।**

गौरतलब है कि कटनी-शहडोल बायपास और कटनी-विजयराघवगढ़ मार्ग लमतरा रेल फाटक से होकर गुजरते हैं। रेल आवागमन के समय रेल फाटक बंद रहने की वजह से यहां सड़क मार्ग से आने-जाने वाले वाहनों को काफी इंतजार करना पड़ता था। दोनों मार्गों की चारो दिशाओं में वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग जाती थीं। यात्रियों को इस समस्या से छुटकारा दिलाने के उद्देश्य से दो साल पहले लमतरा रेल फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण किया गया था। इस ओव्हरब्रिज के निर्माण में निर्धारित गुणवत्ता का पालन नहीं किया गया। रेत और सीमेंट की जगह मिट्टी चचरी का उपयोग कल किले की चहारदीवारी जैसी ऊंची ऊंची दीवार खड़ी कर उसके ऊपर से अप्रोच रोड बना दी गई। पुल की इन दीवारों में बारिश का पानी रिसने लगा जिसका अंजाम यह हुआ कि बनने के कुछ महीनों बाद पहली बारिश में ही ब्रिज की दीवारों पर दरार आ गई। लगभग आठ महीने ब्रिज पर से आवागमन रोक कर दीवारों की दरार भरी गई और इस पर आवागमन बहाल कर दिया गया। मरम्मत के बाद भी ब्रिज टिक नहीं पाया। 6 महीने बाद पिछले साल अगस्त महीने में फिर ब्रिज की सपोर्टिंग वाल क्षतिग्रस्त हो गई। दूसरी बार फिर ब्रिज के क्षतिग्रस्त हो जाने से इसकी गुणवत्ता पर कई सवाल उठे। ब्रिज बनाने वाले ठेकेदार से लेकर निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करने वाली एजेंसी और ब्रिज कारपोरेशन के इंजीनियरों तक को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया। क्षेत्रीय विधायक और सांसद ने भी दोषी ठेकेदार और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई पर सब कुछ दरकिनार कर दिया गया। आज तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। दूसरी बार ब्रिज क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद कहा गया था कि नए सिरे से ओवरब्रिज का निर्माण दुबारा किया जाएगा। नई ड्राइंग डिजायन तैयार की जाएगी। नई ड्राइंग डिज़ायन जयपुर से बनकर आएगी। कई महीने तक नई ड्राइंग का इंतजार होता रहा बाद में पता चला कि ठेकेदार नये सिरे से ब्रिज बनाने तैयार नहीं अलबत्ता जरूरी सुधार करने पर राजी है। ऊपर तक पहुंच रखने वाले ठेकेदार के आगे विभागीय अधिकारियों को झुकना पड़ा और ब्रिज की मरम्मत की मंजूरी के लिए उसे हरी झंडी दे दी गई। सुधार के नाम पर अभी तक केवल स्पोर्टिंग वाल के ऊपरी हिस्से को ढहाया गया है। बताया गया कि सपोर्टिंग वाल की ऊंचाई कम करके इसे दो जगह पिलर से जोड़ा जाएगा साथ ही इसके लीकेज में सुधार कर इसे दुबारा तैयार किया जाएगा पर इतना सुधार भी अभी तक नही हो पाया। लोग अभी भी ब्रिज के शुरू होने का इंतज़ार कर रहे।



### अंडर पास में रोज लगता है जाम

ओवरब्रिज पर आवागमन बंद होने के बाद कैमोरएविजयराघवगढ़ए बरहीएबांधवगढ़ए शहडोल अमरकंटक की ओर से कटनी आने जाने वाले वाहनों सहित जबलपुर ए शहडोल की ओर आने जाने के लिए बायपास का उपयोग करने वाले सभी प्रकार के वाहनों को रेल अंडर पास से वैकल्पिक मार्ग दिया गया है। रेल अंडर पास के दो हिस्सों में से एक मे नाला है जिसमें उद्योगों से निकला प्रदूषित पानी भरा है। केवल एक ओर के हिस्से का उपयोग ही आने . जाने में हो रहा। अंडरपास के दोनों ओर का मार्ग कच्चा और संकरा है। यहां आये दिन कोई न कोई वाहन क्षतिग्रस्त हो जाता है जिसके चलते अंडरपास में जाम की स्थिति बन जाती है। लोग दिन और रात में भी जाम में घण्टों फंसे रहते हैं। अंडरपास के दोनों ओर डामली करण करके यात्रियों को राहत दी जा सकती थी पर ऐसा नहीं किया गया जिसके चलते अंडरपास से निकलने वाले वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। तकलीफ उठा रहे यात्रियों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सहित प्रदेश भाजपा के मुखिया क्षेत्रीय सांसद का ध्यान भी इस ओर आकृष्ट कराते हुए इस क्षतिग्रस्त ओवरब्रिज का सुधारकार्य जल्द पूरा कराये जाने की मांग की है।

# शिक्षा से ही होगी समाज की उन्नति

## संत गाडगे जयंती पर रजक समाज की प्रतिभाओं एवं वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान




**कटनी।** रजक समाज जन जागृति विकास समिति के नेतृत्व में संत गाडगे महाराज की 146वी जयंती पर हाऊसिंग बोर्ड ग्राउण्ड, माधवनगर गेट के सामने 23 फरवरी को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे रेल्वे स्टेशन से विशाल वाहन रैली को मुख्य टिकिट निरीक्षक कैलाशचंद्र रजक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत गाडगे के तैल चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस अवसर पर समाज के मेघावी छात्र-छात्रा प्रतिभा सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संदीप जायसवाल रहे। कार्यक्रम में विनोद रजक भाजपा मण्डल महामंत्री बड़वारा, कैलाशचंद्र रजक मुख्य टिकिट निरीक्षक, विषिष्ट अतिथि कैलाश नाहर प्रदेशाध्यक्ष रजक महासंघ भोपाल, लक्ष्मी मदन रजक सिहोरा, अशोक श्रीवात्री शिक्षक, राजेन्द्र रजक बदेरा, मंता रजक अध्यक्ष आंगनबाड़ी महिला मोर्चा, श्यामलाल रजक उपस्थित रहे। सुमन रजक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समारोह में वक्ताओं ने रूढियों और कुरीतियों का त्याग कर समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रामप्रसाद रजक, रामानुज वर्मा, सुखलाल रजक, मौजीलाल रजक, कमलेश रजक, डॉ. शिवनाथ रजक, भारत प्रसाद रजक, हेतराम रजक, रामाधार रजक, दिनेश रजक, रामचरण रजक, प्यारेलाल रजक, युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप रजक, युवा इकाई अध्यक्ष अजय रजक, उपाध्यक्ष रामकुमार रजक, नगर इकाई अध्यक्ष संजीव रजक, उपाध्यक्ष मयूर रजक, सोमनाथ रजक, श्याम रजक, लवकुष रजक, अरुण रजक, महेन्द्र रजक, सरमन रजक, सोनू रजक, मेहूल रजक, रामलाल रजक, दुर्गेश रजक, सोनेलाल रजक, गोविन्द रजक, मोनू रजक बहोरीबन्द, प्रवीण रजक ब्लॉक अध्यक्ष ढीमरखेडा, अजय रजक ब्लॉक अध्यक्ष बड़वारा, भोलाप्रसाद रजक ब्लॉक अध्यक्ष बरही सहित महिला-पुरूष उपस्थित रहे।




### बांधा मंदिर में शिवरात्रि को होगी महाआरती

**कटनी।** श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में 1 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक होगा तथा सांय 7 बजे भगवान मुरली मनोहर जी, भगवान भोलेनाथ, आदि शक्ति मां गायत्री जी की भव्य महाआरती होगी। श्री राधाकृष्ण सेवा समिति के रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी, महेश पाठक, राघवेन्द्र दुबे, ओम प्रकाश दुबे, सीताराम मिश्रा, सत्येन्द्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पाण्डे, पप्पू पाठक, मनोज पाठक, श्याम मिश्रा, बहादुर कुशवाहा, बड़ू सिंह, श्रीष गौतम, शैलेन्द्र विश्वकर्मा आदि ने समस्त धर्म प्रिय जनों से मंदिर पधारकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है।

# भाजयुमो की जिला कार्यकारिणी घोषित

## हर्ष पांडेय माधवनगर, भवानी कैमोर एवं अभिशेक मिश्रा विजयराघवगढ़ मंडल अध्यक्ष बने







**कटनी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार एवं भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार की सहमति तथा जिला इकाई के अनुमोदन उपरांत भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल मिश्रा द्वारा जिला पदाधिकारीयों एवं कार्यकारणी की घोषणा की गई है। जिसमें जिला उपाध्यक्ष शिवम पांडेय, अनंत उरमलिया, सुमित जायसवाल, महेंद्र चौहान, राहुल ठाकुर, अजय माली, जिला महामंत्री अमित पूरी गोस्वामी, जगदीश गुप्ता, जिला मंत्री सौरभ दुबे, अतिन अग्रवाल, नवल चतुर्वेदी, रेशु टुडहा, पार्थ दुबे, प्रवीण पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष नीरज पोपटानी, सह कोषाध्यक्ष अक्षय श्रीवास्तव, कार्यालय मंत्री राघवेंद्र खरे, मीडिया प्रभारी निहाल सोनी, सह मिडिया प्रभारी अमित राय, सोशल मीडिया प्रभारी आयुष पांडेय, सह सोशल मीडिया प्रभारी गुल मोटवानी एवं रिसर्च एवं पॉलिसी पंकज कर्ण को बनाया गया है। वहीं मंडल अध्यक्षों में माधवनगर मंडल अध्यक्ष हर्ष पांडेय को विजयराघवगढ़ मंडल अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा को सिनगौड़ी मंडल अध्यक्ष शुभम सिंह को कांटी मण्डल अध्यक्ष नारायण पटेल को खितौली मंडल अध्यक्ष प्रकाश सिंह चंदेल को बरही मंडल अध्यक्ष राहुल सोनी को तथा कैमोर मंडल अध्यक्ष भवानी राजा मिश्रा को बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित होने का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। अनेक युवा चेहरे कार्यकारिणी में जगह पाने के लिए प्रयासरत थे। चूंकि कटनी जिला सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा के संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है लिहाजा उनकी भी कार्यकारिणी को लेकर सहमति आवश्यक थी। भाजयुमो अध्यक्ष ने विधायकों और अन्य नेताओं से राय लेकर कार्यकारिणी बनाने का प्रयास किया है।

# आत्मनिर्भर बनाने लोगों को स्वरोजगार से जोड़ रही सरकार





**कटनी।** प्रदेश के युवाए महिलाएं आत्मनिर्भर बने। स्वयं का रोजगार स्थापित करें और दूसरों को भी रोजगार देंए इसको लेकर राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को स्व.रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। हितग्राहियों की भी जिम्मेदारी है कि वे समय पर योजनाओं में लिए गए ऋ्रण का भुगतान करें ताकि अन्य लोगों को भी योजनाओं का लाभ मिलता रहे। यह बात मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत की प्रशासनिक समिति की प्रधान ममता पटेल ने रोजगार दिवस के अवसर पर द्वारका भवन में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे भी मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती व कन्या पूजन कर किया। जिला पंचायत सीईओ श्री गोमे ने रोजगार मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोग स्वरोजगार से जुड़ेए इसको लेकर हर माह रोजगार मेलों को आयोजन किया जा रहा है। सीईओ श्री गोमे ने बताया कि स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए भी कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के मार्गदर्शन में लगभग 450 युवाओं को विभिन्न प्रशिक्षण देने का कार्य भी प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी टीम के रूप में काम कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अजय श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच से विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभांवित हो रहे हितग्राहियों ने भी अपनी बात रखी। शहडोल में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी जिलास्तरीय कार्यक्रम के दौरान किया गया।

**रोजगार मेले में कलेक्टर ने हितग्राहियों को भेंट किए स्वीकृति पत्र**

### हितग्राहियों को ऋण एवं स्वीकृति पत्रों का हुआ वितरण

स्थानीय कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत की प्रशासनिक समिति की प्रधान ममता पटेल, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को ऋण वितरण व स्वीकृति पत्रों का वितरण किया। जिसमें उद्योग विभाग की ओर से 14, एनआरएलएम योजना के 40, डूडा एनआरएलएम के 34 और मुद्रा योजना के तहत विभिन्न बैंकों के माध्यम से 15 हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। कायक्रम में कुल 186.30 लाख रूपये के ऋण व स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। इस दौरान पीओ डूडा अभय मिश्राए जिला प्रबंधक एनआरएलएम शबाना बेगम, डीआईसी संतोष शिवहरे, जनपद पंचायत सीईओ कटनी, लीड बैंक प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि व अन्य अधिकारी सहित हितग्राही भी मौजूद थे।

# स्कूलों में बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ा रहे निगम अधिकारी

## छोटे-छोटे प्रयासों से नगर को मिल सकता है स्वच्छता में अव्वल दर्जा



**कटनी।** छोटे छोटे प्रयासों के माध्यम से हम सभी अपनें घरों, दुकानों, स्कूलों, कार्यक्षेत्र से निकलने वाले कचरे को कचरे को सार्वजनिक स्थलों में यहां वहां न फेककर डस्टबिन में रखकर किस प्रकार अपनें आसपास के माहौल का साफ एवं स्वच्छ रख सकते है इस संदर्भ में निगम प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं नियुक्त सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा कावस जी वार्ड स्थित यू.एस. मैमोरियल के छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया। जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में स्वच्छता सर्वेक्षण - 2022 को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था के साथ ही नागरिकों में स्वच्छता का भाव उत्पन्न कर नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्राप्ती के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता जागरूकता की गतिविधियों के तहत यू.एस. मेमोरियल के छात्र-छात्राओं को घरों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे के संबंध में जानकारी प्रदान की जाकर स्वच्छता सर्वेक्षण के विभिन्न प्वाइंटो से अवगत कराया जाकर छोटे छोटे प्रयासों को अपनानें एवं इस हेतु अपने घरों के लोगों को भी प्रेंरित कर अपने नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें में सहयोग प्रदान करनें की अपील की गई। छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ के साथ जनजागरूकता रैली निकाली जाकर क्षेत्रीय वार्डवासियों को स्वचछता के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।




# ब्राण्ड एम्बेसडर्स जगाएंगे स्वच्छता की अलख

## निगमायुक्त के साथ बैठक में बनी रणनीति

**कटनी।** किसी भी नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें में वहां के नागरिकों की अहम भूमिका होती है। शासन निर्देशानुसार संपूर्ण भारत वर्ष में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के निर्धारित बिंदुओं से नागरिकों को अवगत कराकर नगर की सफाई व्यवस्था को निर्धारित मापदण्डों में के अनुरूप रखनें में नारिकों की सहयोग प्राप्ती हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे की उपस्थिति में ब्रांड एम्बेंस्डर्स के साथ बैठक आयोजित की जाकर आगमी कार्ययोजना के संबंध रूपरेखा तय की गई। निगमायुक्त श्री धाकरे द्वारा उपस्थित ब्रांड एम्बेस्डर्स को निगम प्रशासन द्वारा सर्वेक्षण-2022 को लेकर किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया गया। उपस्थित ब्रांड एम्बेस्डर्स द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर विगत वर्षो में किये गए प्रयासों के संबंध में चर्चा की जाकर इस वर्ष हेतु आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की मांग की गई। निगमायुक्त द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी स्वच्छता जागरूकता रथ तैयार कारानें, ब्रांड एम्बेस्डर्स को बैच एवं आई काड वितरित किये जानें, अभियान में गणमान्य नगारिकों, समाजसेवियों एवं स्कूली छात्र छात्राओं को सम्मिलित करनें, नगर के सार्वजनिक स्थल की वॉल को चिन्हित कर बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किये जाने सहित नगर के आर्केस्टा संचालकों एवं अन्य प्रोफेशनल लोगों की स्वच्छता पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित करनें हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान ब्रांड एम्बेस्ड मारूफ अहमद हनफी, आर.बी गुप्ता, अरविंद गुप्ता, राजेन्द्र कौर लाम्बा, मंजूषा गौतम, पायल जेतवानी, लता खरे, प्रभारी कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा, उपयंत्री विक्रांत ब्राम्हण सहित निगम की स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# सफाई कार्य का जायजा लेने सड़कों पर निकले निगमायुक्त







**कटनी।** स्वचछ सर्वेक्षण -2022 के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न चौराहों, तिराहों, सहित सार्वजनिक मार्गो, गलियों की सफाई का कार्य दो पालियों के माध्यम से कराया जा रहा है। मुख्य मार्गो के डिवाईडर के दौनों ओर की धूल मिट्टी की सफाई, डस्टबिन एवं कंटेनरों की सफाई सहित मार्गो में फैली पन्नी एवं पाउच की बिनाई का कार्य भी अनवरत जारी है। नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धकारे द्वारा उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये गए। इस दौरान रोड में सीएंडडी वेस्ट मिलने पर जुर्माने की कार्यवाही भी की गई। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु रोजाना किये जा रहे प्रयासों के तहत आज प्रातः रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड मलिन बस्ती तथा मुख्य मार्ग, पीरबाबा मार्ग, माधवनगर के विभिन्न मार्गो, शांतिनगर मुख्य मार्ग, दुगाडी नाला मार्ग, कार्यालय कलेक्ट्रेट पहुच मार्ग एवं डिवाईडर, श्यामा प्रयाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न गलियों, सी.एल.पी वार्ड लक्ष्मी पान भंडार मुख्य मार्ग, कावसजी वार्ड भट्टा मोहल्ला, फारेस्टर वार्ड जय हिंद चौक से भरत चौक, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे मुख्य मार्ग एवं डिवाईडर शिवाजी वार्ड एन.के.जे, वेंकट वार्ड ओव्हर ब्रिज के नीचे तथा नरेन्द्र मार्ग गौरी हास्पिटल मार्ग, जयप्रकाश वार्ड सिंधी स्कूल के पीछे, मिशन चौक, कोतवाली मार्ग, झंडा बाजार जैन मंदिर गली, फूल मंडी चौपाटी प्वाइंट, बस स्टेण्ड परिसर, नदीपार मुख्य मार्ग, मैकेनिक लाईन प्वाइंट, घंटाघर प्वाइंट, चांडक चौक प्वाइंट सहित नगर के अन्य प्वाइंटों, डस्टबिन एवं सार्वजनिक मार्गो की सफाई का कार्य कराया गया। डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर नागरिकों को घरों से निकलनें वाले गीले एवं सूखे कचरे की जानकारी से अवगत कराते हुए कचरे को पृथक-पृथक डस्टबिन में रखनें एवं निगम के कचरा वाहन में कचरा देकर नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

**सर्वेक्षण के बिन्दुओं के अनुरूप नगर को स्वच्छ बनाने में जुटा सफाई अमला**

नगर के विभिन्न सार्वजनिक नाले नालियों से पानी की सुगम निकासी को दृष्टिगत रखते हुए जगमोहनदास वार्ड स्थित सरदार गली, वीर सावरकर वॉड स्थित जोवियल स्कूल के पीछे, मदन मोहन चौबे वार्ड आई.सी.आई.सी आई कावसजी वार्ड भट्टा मोहल्ला शमशान भूमि तथा फारेस्टर वार्ड मेंहदी बंगला के पास मुख्य मार्ग की नालियों की सफाई, माधवनगर बाम्बे होटल के पीछे, बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित समदडिया कॉलोनी के सामने सहित नगर के अन्य स्थलों के सार्वजनिक नाले नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।

# रेलवे स्टेशन में टीसी स्टाफ की ज्यादती का शिकार हुए यूपी के युवक

## टीसी स्टॉफ पर मारपीट का आरोप, जीआरपी थाने से रफा-दफा हुआ मामला



ऑटो चालकों ने चंदा कर दिया किराया व की भोजन की व्यवस्था

**कटनी।** बेरोजगारी का दंश झेल रहे युवा जब काम की तलाश में पलायन को मजबूर हैं लेकिन रास्ते में भी उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को उनकी एक छोटी सी गलती न सिर्फ भारी पड़ी बल्कि उनके साथ ज्यादती भी हुई। युवाओं ने महिला टीसी पर मारपीट का आरोप लगाया है व जीआरपी थाने में शिकायत की है। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के दो युवक अवनीत कुशवाह, दीपक कुशवाहा निवासी ललितपुर के हैं। बड़ोदरा से ट्रक के द्वारा कटनी पहुंचे, जिन्हें अपने गंतव्य स्थान लखीमपुर उत्तर प्रदेश जाना था। जो मुख्य रेलवे स्टेशन कटनी में रिजर्वेशन काउंटर में रिजर्वेशन करवाने पहुंचे, जिसमें से एक युवक को पानी पीना था तो वह बॉटल लेकर स्टेशन के अंदर बने वॉटर कूलर में पानी भरने पहुंच गया। जहां पर उपस्थित रेलवे टीसी स्टॉफ ने वापस आते समय रोककर टिकट पूछा तो युवक के पास टिकट नहीं होने के कारण टीसी द्वारा युवक को टीसी ऑफिस ले जाया गया। पीड़ित युवक का कहना है की टीसी द्वारा ऑफिस में युवक की टिकट बनाने के बावजूद मारपीट की गई। महिला टीसी सहित एक अन्य ने मारपीट की है। जिसकी शिकायत युवक ने जीआरपी कटनी थाने में कराई। जानकारी के अनुसार जिस युवक की जुर्माना टिकट बनाई गई उन युवकों के पास अपने गंतव्य तक पहुंचाने के पैसे भी नहीं बचे थे। युवकों की मदद वहां के स्थानीय ऑटो चालकों ने मिलकर चंदा कर दिया और उन युवकों को उनके गृह ग्राम तक जाने के एवं खाना खाने के पैसे वा रेलवे टिकट बनवा कर दी। ऑटो चालकों का कहना है की यह कोई नई बात नहीं है। ऐसा मामला कटनी जंक्शन में आए दिन होता रहता है। जिसे कोई देखने वाला नहीं है। घटना के विषय में जब टीसी स्टाफ से पूछा गया तो उन्होंने युवकों की ट्रेन से आने की बात कही एवं बिना टिकट यात्रा कटनी से जबलपुर तक की टिकट बनाई गई और कहां युवकों को मारा नहीं गया। उनसे पूछताछ के दौरान एक युवक हमारा वीडियो बना रहा था हमने उसका मोबाइल छीन कर वीडियो डिलीट बस किया। वहीं इस मामले में सुनीता यादव डिप्टी सीटीआई ने भी जीआरपी थाने में शिकायत की है। हालांकि इस मामले को समझौता कराकर रफा दफा कर दिया गया है।

### इनका कहना है

यात्री युवकों ने मारपीट की शिकायत की थी। वहीं सुनीता यादव डिप्टी सीटीआई ने भी शिकायत की है। हालांकि दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है। इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**राकेश पटेल, जीआरपी थाना प्रभारी**

## डॉ. विष्णु सक्सेना, आलोक श्रीवास्तव, डॉ. सरिता शर्मा, सरदार मनजीत सिंह, बनज कुमार बनज आएंगे





# 6 मार्च को कटनी में मौजूद रहेंगी काव्य जगत की दिग्गज हस्तियां



## फ़िल्म अभिनेता आशुतोष राणा भी रहेंगे मौजूद

**कटनी।** कटनी के साहित्य और काव्य जगत के लिए 6 मार्च की तारीख यादगार बनने जा रही है। इस दिन देश के दिग्गज कवियों की कटनी में मौजूदगी रहेगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रद्धेय सत्येंद्र पाठक एवं कटनी नगर निगम की पूर्व महापौर श्रीमती निर्मला पाठक की सुपुत्री नीलिमा पाठक सामंतरे के काव्य संग्रह अहसास का विमोचन समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन आगामी रविवार 6 मार्च को होने जा रहा है। कलेक्ट्रेट रोड पर सायना हिल्स में शाम 6 बजे से आयोजित होने जा रहे इस गरिमामय समारोह में देश के नामचीन कवियों की रचनाओं को सुनने का अवसर मिलेगा। फिल्म अभिनेता एवं साहित्यकार आशुतोष राणा की पारिवारिक मौजूदगी समारोह को गरिमा प्रदान करेगी। मुख्य अतिथि के रूप में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. कपिलदेव मिश्र मौजूद रहेंगे। साहित्य संध्या का यह यादगार आयोजन साहित्य, संस्कृति एवं समाजसेवा के लिए समर्पित संस्था जनपरिषद के बैनर तले आयोजित किया जा रहा है।

जानकारी देते हुए अहसास विमोचन समिति एवं जनपरिषद से जुड़े वरिष्ठ कवि मनोहर मनोज एवं आशीष सोनी ने बताया कि समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। समारोह दो चरणों में आयोजित होगा। पहले चरण में युवा कवयित्री नीलिमा पाठक सामंतरे के कविता संग्रह अहसास का विमोचन होगा तथा द्वितीय चरण में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। विमोचन समारोह में पुस्तक समीक्षा शासकीय कन्या महाविद्यालय की सेवानिवृत्त हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. कमला यादव प्रस्तुत करेंगी। इसके उपरांत काव्य कृति के बारे में शासकीय तिलक महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. चित्रा प्रभात अपने विचार रखेंगी। इसके पहले गायिका मनीषा काम्बले द्वारा कवयित्री नीलिमा पाठक सामंतरे की दो रचनाओं की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। पुस्तक विमोचन के उपरांत नीलिमा पाठक सामंतरे द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा। समारोह में विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक एवं पूर्व महापौर श्रीमती निर्मला पाठक की उपस्थिति प्रमुख रूप से रहेगी।

### कवयित्री नीलिमा पाठक सामंतरे की काव्य कृति अहसास का होगा विमोचन

आयोजन कमेटी ने बताया कि आमंत्रित कवियों में देश के शीर्षस्थ कवि डॉ. विष्णु सक्सेना हाथरस, आलोक श्रीवास्तव दिल्ली, डॉ. सरिता शर्मा दिल्ली, बनज कुमार बनज मुम्बई, सरदार मंजीत सिंह फरीदाबाद, शामिल हैं। स्थानीय कवियों में मनोहर मनोज एवं सुरेश सोनी ऋतुराज मंचासीन रहेंगे। पुस्तक विमोचन समारोह का संचालन श्रीनिवास सरावगी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उषा पांडे करेंगी, जबकि द्वितीय चरण में होने वाले कवि सम्मेलन का संचालन फरीदाबाद के कवि सरदार मनजीत सिंह करेंगे। इस मौके पर जनपरिषद के सदस्यों एवं पुस्तक विमोचन समिति द्वारा आमंत्रित कवियों एवं अतिथियों का शॉल-श्रीफल, अभिनंदन पत्र एवं स्मृति चिन्ह से अभिनंदन किया जाएगा।

# जघन्य हत्या कर रेलट्रैक पर फेंका शव

## रेलट्रैक पर युवती का क्षत-विक्षत शव मिलने के मामले में आया नयामोड़, परिजनों सहित क्षत्रिय समाज ने ज्ञापन सौंपकर की कड़ी कार्रवाई की मांग





**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम सगौड़ी निवासी एक 26 वर्षीय युवती का रीठी थाना अंतर्गत कटनी-बीना रेलखंड के सिमरा रेल फाटक के समीप क्षत विक्षत शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद होने के मामले में नयामोड़ आ गया है। मामले में परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। आक्रोशित परिजनों, करणी सेना सहित अन्य संगठन से जुड़े लोग रविवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर हत्या का आरोप लगाया और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि ग्राम सगौड़ी निवासी 26 वर्षीय रूपा सिंह पिता भूपेन्द्र सिंह शहर के आजाद चौक स्थित एक प्रतिष्ठान में कम्प्यूटर ऑपरेटर का काम करती थी। गांव से ही रोजाना अप-डाऊन करती थी। बताया जाता है कि शुक्रवार को वह काम पर न आकर बैंक के काम से शहर आई लेकिन इसके बाद घर नहीं पहुंची। परिजनों ने रात 12 बजे तक तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। रूपा का दोपहर दो बजे से ही फोन बंद हो गया था। इसके बाद संदिग्धावस्था में उसका क्षत विक्षत शव कटनी-बीना रेलखंड के सिमरा रेल फाटक के पास पड़ा मिला। बताया जाता है कि युवती जिस बैग को लेकर काम करने शहर आती थी वह रेल लाइन के पास पड़ा मिला। जिसमें मिले दस्तावेज के आधार पर उसकी शिनाख्त हुई। रीठी पुलिस ने युवती का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर ने कहा है कि रूपा सिंह 24 फरवरी को बैंक के काम से कटनी आई थी। परिजनों ने कहा है कि दोपहर दो बजे के बाद फोन बंद हो गया। रातभर तलाश की लेकिन पता नहीं चला। सुबह पता चला कि रेलवे ट्रैक पर शव मिला है। इतना बड़ा अपराध एक व्यक्ति नहीं कर सकता है। शव के हालत देखकर हत्या जान पड़ रही है। लखापतेरी के पास एक हाथ मिलना बताया जा रहा है। क्षत्रिय समाज व पीड़ितों ने न्याय की गुहार लगाई है। निष्पक्ष जांच की मांग की है। आरोपियों को शीघ्र जेल भेजा जाए। राजपूत, क्षत्रिय समाज ने कहा कि जघन्य वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को फांसी की सजा हो। सीएम शिवराज सिंह चौहान, सांसद बी डी शर्मा व अन्य पार्टी राजनेताओं से पीड़ितों के साथ खड़ा होने मांग की है और आरोपियों को सजा दिलाने मांग की है। शीघ्र कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### आज आ सकती है पीएम रिपोर्ट-थाना प्रभारी

वहीं इस संबंध में रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि रूपा का पीएम करने वाले चिकित्सकों ने आज पीएम रिपोर्ट देने की बात कही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद जांच को आगें बढ़ाया जाएगा और पीएम रिपोर्ट में हत्या का खुलासा होने पर आरोपियों के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बिलहरी के युवक पर हत्या का संदेह

मृतिका के भाई आकाश ने बताया कि गांव के ही एंबुलेंस चालक रामकिशोर यादव ने सूचना दी कि रूपा का शव संदिग्धावस्था में क्षत-विक्षत हालत में कटनी-बीना रेलखंड के सिमरा रेल फाटक के पास ट्रैक में पड़ा है। भाई आकाश ने यह भी बताया कि हरीश बर्मन नामक युवक का फोन भी उसके पास आया था। उसी नंबर से फोन बहन के फोन में भी गया है। बिलहरी के हरीश बर्मन ने ही मर्डर किया है। लोकेशन लेने के लिए मुझे फोन लगाया गया है। भाई ने अन्य कई गंभीर आरोप लगाए हैं। बहन आजाद चौक मनोहर स्कूल में काम करती थी।

### परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

मृतिका के भाई अकाश सिंह सहित सत्यपाल सिंह, अमित सिंह, संतोष सिंह, आदित्यनाथ सिंह, श्याम प्रताप सिंह, महीप सिंह, पुष्पराज सिंह, नारायण सिंह, अतुल सिंह, सचिन राजपूत सहित लगभग एक सैकड़ा लोग रविवार को एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि रूपा की निर्मम हत्या की गई। आरोप लगाया है कि हरीश बर्मन नाम युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की है। भाई ने कहा कि हरीश की चप्पल भी युवती के शव के पास मिली है। बताया जा रहा है कि रेल ट्रैक के पास बोरा मिला है, जिससे पुलिस को भी मामला संदिग्ध जान पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान निरीक्षक पूजा मिश्रा, उपनिरीक्षक एम.एल.करण, बिलहरी चौकी प्रभारी के के पटेल, प्रधान आरक्षक गणेशदत्त मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# पांच प्रकार की अत्याधुनिक मशीनों से हो रहा रेलट्रैक का रखरखाव

## रेलवे में धीरे-धीरे कम हो रहा मेन पॉवर

**कटनी।** समय के साथ रेलवे में भी कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। मेन पॉवर पर डिपेंड रहने वाला रेलवे अब नई तकनीक एवं उच्च क्षमता वाले मॉर्डन टेक्नोलॉजी की ट्रैक मशीनों से ट्रैक का उच्च गुणवत्तायुक्त रखरखाव करने लगा है। वर्ष 2021-22 में जनवरी माह तक मॉर्डन टेक्नोलॉजी मशीनों से 10 हजार किलोमीटर से अधिक का अनुरक्षण किया जा चुका है। आत्मनिर्भर बनने की ओर कदम बढ़ाते हुए पश्चिम मध्य रेल भी नई तकनीक की मॉर्डन टेक्नोलॉजी मशीनों का उपयोग कर रहा है। रेल पटरी के गति एवं एक्सल लोड की क्षमता में नए आयाम कायम करने के लिए भारतीय रेल ने अपने ट्रैक को सुदृढ़ बनाया है तथा उसके उच्च गुणवत्तायुक्त रखरखाव के लिए उच्च तकनीक के मशीनों का भी इस्तेमाल करके नये आधुनिक ट्रैक को उपलब्ध करा रहा है। ट्रैक रखरखाव के लिए पांच प्रकार की टैम्पिंग मशीन से उपयोग कर ट्रैक का रखरखाव उच्च तकनीक से किया जा रहा है।



## चार साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**कटनी।** पशु क्रूरता अधिनियम के मामले में चार सालों से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को उमरियापान पुलिस ने डिंडोरी जिले से गिरफ्तार किया है। उमरियापान थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि पशु क्रूरता के मामले में बीते चार सालों से फरार चल रहे डिंडोरी जिले के शाहपुरा निवासी 40 वर्षीय मदन तिवारी को ग्रहग्राम से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने वारंटी को न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

# कभी भी हो सकती है सुनिधि की भारत वापसी

## मेडिकल छात्रा के माता-पिता ने जताया सांसद एवं विधायक का आभार



**कटनी।** कटनी की मेडिकल छात्रा सुनिधि सिंह अब जल्द ही कटनी वापस आ जाएगी। क्षेत्रीय सांसद व्ही डी शर्मा एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के प्रयासों से सुनिधि सहित अन्य छात्रों की भारत वापसी का रास्ता साफ हो गया है और किसी भी वक्त सुनिधि सहित सभी भारतीय छात्र विमान के जरिए भारत पहुंच जाएंगे। सुनिधि की पिता अजय सिंह एवं माता श्रीमती हेमलता सिंह ने क्षेत्रीय सांसद व्ही डी शर्मा एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के प्रति आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि रूस और यूक्रेन के बीच जंग छिड़ जाने पर इस युद्ध के बीच में हजारों भारतीय छात्रों की तरह शहर की एक बेटी भी वहां फंसी हुई थी। गर्ल्स कॉलेज में पदस्थ लैब टेक्नीशियन हेमलता सिंह की पुत्री सुनिधि यूक्रेन में टर्नोफिल नेशनल यूनिवर्सिटी में मेडिकल की पढ़ाई 2019 से कर रही हैं। यूक्रेन में हो रहे हमले, बम धमाकों की खबर सुनते ही मां और पिता का भी मन दहल रहा था और दोनों बेटी को सुरक्षित वतन वापसी की मांग कर रहे थे। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को बेटी के फंसे होने की बात पता लगते ही उसे सुरक्षित वापस लाने प्रयास शुरू किए गए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा ने कटनी की बेटी को सुरक्षित वापस लाने के लिए केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन से बात की गई और उच्चायोग से संपर्क किया तो वहीं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा बेटी को सुरक्षित देश वापस लाने के लिए सतत प्रयास किए गए। विधायक कार्यालय द्वारा परिवार से लगातार संपर्क किया जाता रहा। उन्हें हर संभव सहायता तथा जानकारी प्रदान की जाती रही।




## खाना बना रही वृद्धा आग में झुलसी

**कटनी।** रीठी के वार्ड क्रमांक 11 निवासी एक 75 वर्षीय वृद्ध महिला खाना बनाते समय आग में बुरी तरह झुलस गई। आग में शत प्रतिशत झुलसी वृद्धा को रीठी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 11 निवासी 75 वर्षीय यशोदा पति मन्नू सिंह ठाकुर रविवार की दोपहर 2 बजे के लगभग घर में खाना बना रही थी, तभी हादसे का शिकार हो गई है। बताया जा रहा है कि महिला बच्चों से अलग थी। चूल्हा में खाना बनाती थीं, इस दौरान आग लग गई। केरोसिन के संपर्क में आने से आग लगी, जिसमें वृद्ध महिला झुलस गई।

**JOB OPENING**
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
**The Dinesh Goods Transport Co.**
**Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.**
**For Application**
Contact- Ayush Jain
**Mo. 8989020207**

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

Hire Vintage Car for Wedding
ROYAL VINTAGE
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program
केवल 16000 में
**Vintage Car Rent**




Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 9575796008

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक–श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक–आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन– (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19–21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)